# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

## समाचार विज्ञप्ति

---

<u>राज्य सेवा परीक्षा 2013 में चयनित अभ्यर्थियों के संदर्भ में आवश्यक जानकारी</u>

इंदौर, 01.07.2016, आज के समाचार-पत्रों में राज्य सेवा परीक्षा-2013 के संदर्भ में अभ्यर्थियों के नाम के आधार पर यह समाचार प्रकाशित हुआ है कि सामान्यत: सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों द्वारा उपयोग में लाये जाने वाले उपनाम यथा उपाध्याय, पाण्डेय, भार्गव, तोमर, भदौरिया आदि रखने वाले अभ्यर्थियों का चयन अनुसूचित जाति/ जनजाति में किया गया है।

उक्त समाचार के संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि आयोग द्वारा (उपाध्याय, पाण्डेय, भार्गव, तोमर, भदौरिया आदि ) अभ्यर्थियों के चयन के पूर्व उनके अर्हता संबंधी अभिलेख प्राप्त किए गए है तथा संबन्धित अभ्यर्थियों ने अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति संबंधी जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किए गए है।

समाचार में उल्लेखित अभ्यर्थियों के साथ ही सभी अभ्यर्थी जिन्हें अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में चयनित किया गया है वे सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी "स्थायी जाति प्रमाण-पत्र" धारित करते है।

उप सचिव

---